## कमलनाथ के जन्मदिन पर होगा जश्न, आएंगे दिग्गज



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** युग पुरुष धर्म के ध्वजा वाहक समभाव के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के जन्मदिवस पर छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले वासियों की ओर से निनाद ललित कला समिति द्वारा विशाल हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है।

निनाद ललित कला समिति के सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 18 नवंबर 204, दिन सोमवार शाम 6:30 बजे स्थानीय दशहरा मैदान पोलाग्राउंड में कमलनाथ के जन्मोत्सव पर कमलनाथ एवं नकुलनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें विश्वविख्यात कवि, कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास अपनी रचनाएँ तथा अपना चिंतन प्रस्तुत करेंगे। देश विदेश में प्रसिद्ध पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी हास्य सहित मर्मस्पर्शी कविताएँ एवं व्यंग्य की क्षणिकाएँ प्रस्तुत करेंगे। हास्य रस के सुप्रसिद्ध हस्ताक्षर रमेश मुस्कान अपनी कविताओं से मुस्कराने के लिए बाध्य करेंगे। वीर रस की प्रसिद्ध कवियित्री वर्तमान काव्य पाठ में निरंतर अपनी ओजस्वी रचनाओं से छाप छोडने वाली श्रीमती कविता तिवारी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगी। लाफ्टर चैलेंज के दिनेश बावरा एवं श्रृंगार रस की सुप्रसिद्ध कवियित्री प्रीति पांडे कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करेंगी।

### नकुल-कमलनाथ रहेंगे उपस्थित

यह उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के स्थल में परिवर्तन कर अब यह कार्यक्रम दशहरा मैदान पोला ग्राउंड मे होगा।

आनंद बक्षी ने बताया कि आयोजन में प्रवेश हेतु पास अथवा आमंत्रण की आवश्यकता नही है। यह पूर्णत: निशुल्क कार्यक्रम है। महिलाओं के बैठने के लिए व्यवस्था की गयी है।

निनाद ललित कला समिति ने सभी सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक संस्थाओं, रामायण मंडल, जस मंडल, गणेश उत्सव समिति, दुर्गा उत्सव समिति, पेंशनर संगठन, महिलाओं के समस्त संगठन, समस्त कर्मचारी संगठन, नगरनिगम, नगरपालिका, ग्राम पंचायत, जनपद, जिला पंचायत के समस्त निर्वाचित प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर काम किया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। उन्होंने अपनी समस्याओं और विसंगतियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से भेजा गया है।ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने कहा कि संविदा नीति 2023 में तय वेतनमान लागू करने पर वे सरकार के आभारी हैं, लेकिन अभी तक इस नीति की सभी शर्तों और सुविधाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है। इस कारण कर्मचारियों में निराशा और असंतोष का माहौल है।

संविदा नीति 2023 लागू करना- एनएचएम संविदा कर्मचारियों के लिए नीति की सभी शर्तों को अक्षरश: लागू करें। कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करें। वेतन विसंगतियों का समाधान वेतन में उत्पन्न विसंगतियों को दूर कर समानता लाएं।संविदा कर्मचारियों का कहना है कि यदि मांगों को पूरा किया जाता है तो इससे 32 हजार कर्मचारियों और उनके लगभग 2 लाख 50 हजार परिवारजनों को राहत मिलेगी। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## अम्बाड़ा में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित, रंगोली बना कर दिया संदेश, दिलाई शपथ

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद परासिया के सेक्टर क्रमांक 01 ग्राम अंबाड़ा में नशा मुक्ति अभियान के तहत रंगोली के माध्यम से नशा न करने का संदेश दिया गया एवं नशा मुक्ति को लेकर शपथ भी दिलाई गई एवं उपस्थित लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया नशे की लत से व्यक्ति बर्बाद हो जाता है नशा से जान का भी खतरा रहता है। इस दौरान परामर्शदाता मनीष कैथवास ने समझाईश दी एवं सभी बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्रों द्वारा घरों घर जाकर नशा ना करने कि समझाइश दी गई उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर साधना कहार, सदरूननिशा, कुशमा, तरन्नुम, सीता, प्रतिमा, रुक्मणी, दीपिका, राहुल, प्रभा सरसाम, पुष्पा भलावी, परामर्श दाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य व ग्राम के नागरिकगण उपस्थित रहे।

बता दें कि पूरे जिले में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है क्योंकि पहली बार है कि छिन्दवाड़ा जिला का हर गांव ऐसा हो गया है जहां नशा करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है उसी अनुपात में पारिवारिक कलह भी हो रही है। नशा मुक्ति के लिए चलाऐं जा रहे अभियान में सफलता भी मिल रही है जिसके लिए अनेक सामाजिक संस्थाऐं भी आगे आकर काम कर रही है उसमें जन अभियान परिषद अग्रणी संस्थाओं में से है।



### सार-समाचार

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के नवागत प्राचार्य का हुआ स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य. डॉ. वाय के शर्मा का स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंशाराम उईके, प्रो. महेंद्र साहू, महिला ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी ने नवनियुक्त प्राचार्य का पुष्प गुच्छ, एन.एस.एस. बैच और डायरी देकर स्वागत किया गया।

विदित होवे कि डॉ. वाय के शर्मा पूर्व में लंबे समय से एन.एस.एस. इकाई छिंदवाड़ा के जिला संगठक रहे है नव नियुक्त प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने के बाद तुरंत ही उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों के हित में कार्य करना प्रारंभ किया उन्होंने अपने उदबोधन में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि समूह में रहकर कार्य करना सिखाता है। एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की निष्ठा और कर्त्तव्यपालन देखकर नवागत प्राचार्य ने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे, लोकेश सनोडिया, संकल्प विश्वकर्मा, योगेश देहरिया, भूमिका धुर्वे, अमित बारई, विक्रम भलावी, ऐश्वर्या बोरिकर, अंजली इवनाती, मुस्कान, हेमंत आदि बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन 21 नवम्बर को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि मंत्री लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक 21 नवम्बर 2024 को समय दोपहर 1.00 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ली जायेगी।

## कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ ने मांगों लेकर सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ द्वारा अपनी जायज मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। जिनमें मांगे है 2007 में शासन ने कोटवार भूमि का भूमिस्वामी अधिकार दिए जाने के आदेश जारी कर दिए है आज दिनांक तक उस आदेश का पालन नहीं हुआ । राजस्व विभाग से जारी आदेश का शीघ्र पालन किया जाए।मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग के स्पष्ट आदेश हैं कि कोटवार बर्दी की राशि कोटवार के खाते में डाली जाए लेकिन नरसिंहपुर जिले में बर्दी की राशि कभी नहीं डाली गई जबकि प्रति वर्ष दो जोड़ी बर्दी की राशि शासन प्रत्येक जिला में भेजती है 2023-24 के लिए बजट भी जारी किया जा चुका है।इन्हीं मांगो को लेकर कोटवार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है।

## लोक अदालत को लेकर न्यायाधीशों की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के कुशल नेतृत्व में 14 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा समस्त प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज 13 नवम्बर 2024 को सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा द्वारा जिला मुख्यालय में पदस्थ न्यायाधीशगणों के साथ भौतिक रूप से तथा तहसील न्यायालयों में पदस्थ न्यायाधीशगणों के साथ वर्चुअल बैठक ली गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने समस्त न्यायाधीशों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने एवं समस्त अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समितियों को प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मोहित दीवान विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी, सुशील कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय छिंदवाड़ा, प्रेमपालसिंह ठाकुर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा, तृप्ति पाण्डेय, संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, अभिषेक नागराज जिला न्यायाधीशगण, शिवमोहर सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिंदवाड़ा, मेहताब सिंह बघेल, प्रेरणा जैन, राहुल जैन, नेहा मौर्य सोलंकी, ज्योति वरकड़े, अवनि व्यास, संयोगिता खत्री, प्रीति राठौर, अक्षिता शुक्ला एवं तहसील न्यायालयों के न्यायाधीशगण वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुने गए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील राठी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डॉ. सुशील शिशु रोग विशेषज्ञ की राष्ट्रीय संस्था सेन्ट्रल इंडियन अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी 2025 के सदस्य चुने गए। डॉ. राठी ने बताया की वे राष्ट्रीय स्तर पर शिशुओं के स्वास्थ से संबंधित कार्यक्रमों को मध्यप्रदेश एवं छिंदवाड़ा में लाएंगे। टीकाकरण एवं बीमारियों से संबंधित संगोष्ठी राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित किये जायेंगे। डॉ राठी प्रदेश आई.ए.पी. प्रदेशाध्यक्ष रह चुके है। उन्हें समस्त चिकित्सों ने चुने जाने पर बधाई दी।

डॉ. सुशील राठी लम्बे समय से चिकित्सा क्षेत्र में बाल शिशु रोग से पीड़ित बच्चों का ईलाज करते आ रहे है। आप शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ रहे, कई बार जिला अस्पताल में आपने सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक के दायित्वों का निर्वाहन कर चुके है। इतना ही नहीं आप रोगी कल्याण समिति में व्यवस्था को लेकर हमेशा आप तालमेल बनाकर चले, चिकित्सको के बीच आपका तालमेल हमेशा सराहनीय रहा है। आप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद का भी निर्वाहन कर चुके है। वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके है।

## सांसद की पहल पर सीएम ने इलाज के लिए दिए 30 हजार रुपए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के अंतर्गत मोहखेड़ के वार्ड क्रमांक 19 तालाब मोहल्ला निवासी हसीना शेख पति शेख नसीर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 30 हजार की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई है। हसीना को आर्थिक सहायता मिलने उनकी बीमारी का इलाज हो सकेगा। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## नाबालिग के दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के द्वारा थाना दमुआ के विशेष प्रकरण क्रमांक एस.सी. 09/2024, अपराध क्रमांक 45/2024 के आरोपी रामसिंग उर्फ पंडोल पिता किशन पन्द्राम को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा-5 (एम)/6, 5 (एन)/ 6 में शेष प्राकृत जीवनकाल तक एवं 10,000-10,000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।



विशेष लोक अभियोजक, सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी जुन्नारदेव श्रीमती गंगावती डहेरिया द्वारा बताया गया की घटना 19 फरवरी 2024 को पीड़िता आंगनवाड़ी नहीं गयी थी, पीड़िता अभियुक्त के घर उसके बच्चों के साथ खेलने के लिये रोजाना की तरह उस दिन भी गयी थी।

पीड़िता की मां सुबह 9:00 बजे करीब रोजगार गारंटी के काम में मजदूरी करने चली गयी थी और पीड़िता के पिता बैल बेचने दूसरे गांव चले गये थे घर पर दोनों लड़किया थी, घटना के समय पीड़िता की उम्र 4 वर्ष थी, अभियुक्त की पत्नि ईलाज कराने के लिये चली गयी थी, पीड़िता की मां दोपहर 01:00 बजे खाना खाने घर वापस आयी तब उसने देखा पीड़िता के कपड़े में खून जैसा दिख रहा था उसने पीड़िता से पूछा की क्या हुआ है तो पीड़िता ने कुछ नहीं बतायी और डर कर भाग गयी।

फिर पीड़िता की मां काम मे चली गयी और शाम करीब 5:30 बजे घर वापस आयी तब पीडिता रो रही थी और मां द्वारा पूछने पर पीड़िता ने बताया कि पंडोल मामा (रामसिंग) के घर खेलने गयी थी तो उसने मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम (बलात्कार) किया। पीडिता की मां को पता चला तब पीड़िता की मां द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट थाना दमुआ में पंजीबध्द किया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दंडित किया गया एवं पीड़िता के माता-पिता को 2 लाख रूपये प्रतिकर देने के लिये विधिक सहायता प्राधिकारण को आदेशित किया गया।

मध्यप्रदेश शासन की ओर से उप संचालक अभियोजन छिन्दवाड़ा गोपाल कृष्ण हलदार, जिला अभियोजन अधिकारी छिन्दवाड़ा समीर कुमार पाठक के मार्ग दर्शन पर विशेष लोक अभियोजक, सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी गंगावती डहेरिया के द्वारा प्रकरण में पैरवी की तथा प्रकरण की विवेचक निरीक्षक पी0एल0 यादव एवं उप. निरीक्षक पूनम उईके के द्वारा की गयी।

## प्राणघातक हमला करने वालों पर कार्रवाई को सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 13 नवम्बर 2024 को समस्त मेहरा समाज परासिया के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी परासिया एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी परासिया को 10 नवम्बर 2024 को प्रिंस बुनकर चांदामेटा निवासी पर जो रात्रि के समय प्राण घातक हमला हुआ उसके विरोध में ज्ञापन सौंपा गया एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई हो उसके लिए निवेदन किया गया।

जिसमें मुख्य रुप से मेहरा समाज परासिया के सभी स्वाजातिय बंधुओं उपस्थित हुए विनोद बुनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नुन्हारिया समाज, दिनेश कुमार भावरकर चांदामेटा, राजकुमार भावरकर, देवेन्द्र बुनकर, अशोक भावरकर, शरद बुनकर चांदामेटा, बाला सातनकर, कैलाश डेहरिया अधिवक्ता परासिया, अमरनाथ डेहरिया चांदामेटा, विमल डेहरिया परासिया, अकलेश डेहरिया न्यूटन, रजनीकांत डेहरिया परासिया, बिट्टू डेहरिया चांदामेटा उपस्थित थे।

## एकादशी पर खाटू श्याम और ग्यारस की पूजा



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी का व्रत किया जाता है और इस दिन खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन भी मनाया जाता है। खाटू श्याम बाबा को कलयुग का देव माना गया है और इनका नाम लेने मात्र से भक्तों के सभी संकट दूर हो जाते हैं।

गरमेटा महाकाल मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी खाटू श्याम का भव्य आकृति बनाकर विशेष श्रृंगार मुकेश कैलाश डेहरिया द्वारा किया गया एवं मंदिर पर शाज सज्जा के साथ समस्त हारे के सहारे बाबा श्याम के भक्तों का आकर्षण का केंद्र बना। जहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे बाबा श्याम का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से केक काटकर आतिशबाजी कर मनाया गया। शहर सहित ग्रामीणजन मंदिर में दर्शन करने आते जाते रहे ओर बाबा महाकाल ओर खाटू श्याम का आशीर्वाद लिए।



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु : प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को सिख समाज ने निकाली पॉच प्यारों के साथ शोभायात्रा और पटियाला के कलाकारों ने दिखाए हुनर।**

# भेड़िये के हमले में घायलों से मिले कलेक्टर, पूछा हालचाल, अनुदान राशि के चेक भी दिए



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर हाल ही में भेड़िए के हमले में घायल हुई महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, एस.डी.एम. सुधीर जैन व सिविल सर्जन डॉ. गोन्नाड़े उपस्थित रहे। चिकित्सकों से चर्चा के दौरान उन्होंने पाया कि दोनों महिलाओं की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और अब उनकी जान को कोई खतरा नहीं है।

### भुजलोबाई और दुर्गा बाई को अनुदान राशि का वितरण

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला चिकित्सालय में घायल महिला भुजलो बाई डहेरिया को 1 लाख रुपये का चेक प्रदान किया, वहीं दुर्गा बाई नरवाहे को 20 हजार रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने इस दौरान महिलाओं से बातचीत की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। तदुपरांत कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं के मामलें में जानकारी ली। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता और पानी की व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश देते हुए मरीजों के उपचार में विशेष रूचि लेकर चिकित्सा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन भी उपस्थित थे तथा एस.पी. मनीष खत्री भी पहुंचे थे।

# कमला तिवारी एवं राजीव तिवारी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए एक लाख की राशि दी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कमला तिवारी और दिवंगत डॉ. बी.पी. तिवारी के पुत्र राजीवा तिवारी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए 1 लाख रुपए दान किए। वे यू.के. में कार्यरत एक आई.टी. पेशेवर हैं। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए 1 लाख रुपए दान किए गए हैं, जो हर साल 07 दिसंबर को मनाया जाता है।

उन्होंने छिंदवाड़ा के नागरिकों से भी इस नेक काम के लिए दान करने की अपील की। एकत्रित की गई राशि का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों, शारीरिक रूप से अक्षम भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए किया जाता है, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया और देश की सेवा में अपना कीमती समय दिया।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल जया ज़ेवियर (से.नि.), कल्याण संयोजक राजेश पाटिल और राजीवा तिवारी की माता कमला तिवारी एवं पत्नी समृद्धि तिवारी के अलावा मीडिया बंधू उपस्थित थे।

छाया- शेख अल्फाज

## सार-समाचार

# जनता को साथ लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की विरोध करेगी कांग्रेस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ के कार्यकाल में जनहितैषी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हुआ जिससे जिले का प्रत्येक वर्ग लाभांवित हुआ, किन्तु वर्तमान में भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से समाज का हर वर्ग त्रस्त है। जनता भाजपा के राज में दुंदिन का सामना कर रही जिसे दूर करने के लिये कांग्रेस जल्द ही जनता के साथ मैदान में उतरेगी। उक्त उदगार आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सौंसर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में व्यक्त किये।

पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि कमलनाथ व नकुलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ कांधे से कांधा मिलकर चलने को तैयार है। कमलनाथ के जन्मदिन पर छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से पहुंचने के लिये आग्रह किया।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि भाजपा सरकार के षड्यंत्र व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस संगठित होकर लड़ेगी और जीतेगी भी। कांग्रेस ने देश को आजाद कराने के लिये अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी है अब हमें भाजपा सरकार की उन फसलों के खिलाफ मैदान में उतरना है जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है, उसमें महंगाई से लेकर बेरोजगारी, लचर स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर शिक्षा व्यवस्था व भाजपा के द्वारा फैलाया जा रहा भ्रष्टाचार भी शामिल है। उन्होंने पूर्व सी एम कमलनाथ व नकुलनाथ व स्वयं की ओर से नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी साथ ही दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया।

पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि क्षेत्रीय कमेटियों के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाये। बूथ पर नियुक्ति करने से पहले तेरा-मेरा घर छोड़ें और यह ध्यान रखें की जिसे पद दिया जा रहा है क्या वह कार्य करने में सक्षम है अथवा नहीं। उन्होंने कमलनाथ के जन्मदिन मनाने को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की साथ ही पंडित जवहार लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व बिरसा मुंडा जयंती मनाने को लेकर भी चर्चा की।

आयोजित बैठक में प्रीतम पटेल, डॉ. राजेन्द्र यमदे, भागवत महाजन, पुनाराम बाविस्टाले, केशव बोड़े, विलास जोगी, कैलाश चौधरी, चन्द्रशेखर गुर्वे, प्रशांत महाले, अशोक चौधरी, सतीश बोड़के, बसंत चौधरी, नंदू राय, ब्रजकिशोर चांडक, नेहा जोगी, क्षेत्रीय अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य सरकार की मंशानुसार कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं डी.ई.ओ. जी एस बघेल के सहयोग से शालेय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नियत कार्यक्रम के अनुसार बाल रंग प्रतियोगिताओं का क्रम प्रारंभ है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के पश्चात 13 नवम्बर 2024 बुधवार के दिन उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

जिला स्तरीय बाल रंग उत्सव का शुभारंभ सहायक संचालक शिक्षा डी.पी. डेहरिया के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए प्राचार्य विधा विशेषज्ञ शिक्षक शिक्षिकाएं, उत्कृष्ट विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। साहित्यिक विधाओं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छिन्दवाड़ा विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालय, सी.एम. राईस गुरैया और एन.पी. एस. के विद्यार्थी छाए रहे तो वहीं योग प्राणायाम जैसी स्पर्धाओं में पांढुर्णा सी एम राईस के प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। छिन्दवाड़ा, मोहखेड़ और पांढुर्णा विकासखंड के विद्यार्थियों ने ज्यादातर प्रतियोगिताओं में खिताब अपने नाम किए। विजेता प्रतिभागियों की टीम 18 नवंबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। शानदार आयोजन और तमाम व्यवस्थाओं के लिए सभी ने उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के कुशल संयोजन को सराहा।

# स्वास्थ्य शिविर में 271 मरीजों का पंजीयन, 267 का इलाज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 53 सांसद बंटी विवेक साहू की पहल आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 53 वा स्वास्थ्य शिविर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के छिंदी मंडल के ग्राम चिमटीपुर में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 271 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 267 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 4 गंभीर मरीजो को रेफर किया गया।



# अधिमान्य पत्रकारों की श्रद्धा निधि शुरू करने सीएम को छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन ने लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पत्रकार हितों के लिए काम करने वाले छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र भेजकर 70 वर्ष से अधिक के अधिमान्य पत्रकारों की श्रद्धानिधि शुरुआत करने की माँग की है।

छिन्दवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र राय ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश सरकार 60 वर्ष से अधिक उम्र के गैर आयकरदाता अधिमान्य पत्रकारों को श्रद्धानिधि दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 70 वर्ष के सभी अधिमान्य पत्रकारों को श्रद्धानिधि की घोषणा चुनाव के समय किया था। आपके मुख्यमंत्री बनने के बाद जनसंपर्क विभाग ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बहुत से पत्रकारों ने श्रद्धानिधि हेतु आवेदन किया है कितु जनसंपर्क विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं है और न ही कोई कमेटी बनाई है। हमारा आपसे निवेदन है कि जो पत्रकार 70 वर्ष से अधिक की उम्र के पत्रकार है जिन्होंने आवेदन किया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से श्रद्धानिधि देने हेतु विभाग को निर्देश करने की मांग प्रेस एसोसिएशन ने करते हुए मुख्यमंत्री से पत्रकारहित में अनुरोध किया है ताकि ऐसे अधिमान्य पत्रकारो को लाभ मिल सके

# शालेय राज्य स्तरीय कराटे टीम रवाना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कराते प्रशिक्षक रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि इंदौर में 13 से 17 नवंबर तक आयोजित 68 वी शालेय राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा में मध्य प्रदेश जनजातीय कार्य विभाग की 14 एवं 19 वर्ष बालक बालिका की 26 सदस्यीय टीम विभिन्न आयु एवं वजन वर्ग में अपने हुनर का प्रदर्शन करने जनरल मेनेजर श्याम दुपारे एवं कोच दिनेश राठौर, शुभम यदुवंशी, रोशनी ठाकुर, चंचल निर्मलकर के साथ इंदौर के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर ट्राइबल विभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम, सहायक संचालक उमेश सातनकर, राज्य कराते प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अनुरोध शर्मा ने सभी कराते खिलाड़ियों टीम को बधाई दीं।

छाया शेख अल्फाज

# वर्किंग प्लान के अनुसार होने वाले कार्यों के संबंध में कार्यशाला, पश्चिम वन मंडल का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वनसंरक्षक छिंदवाड़ा वन वृत्त के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल के निर्देशन में 13 नवम्बर 2024 को परासिया परिक्षेत्र अंतर्गत वनभोज रसोई सोनापिपरी में पश्चिम वनमंडल के वर्किंग प्लॉन के अनुरूप होने वाले कार्यों के संबंध में वनमंडल स्तरीय कार्य शाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को चयन सह सुधार कार्यवृत्त एवं बांस अति व्यापी कार्यवृत्त से संबंधित कार्यों के संबंध में विभागीय स्तर से जारी निर्देश एवं आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया है। कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित एच.सी. बघेल उप वनमंडलाधिकारी तामिया एवं विजेन्द्र खोब्रागढ़े उप वनमंडलाधिकारी परासिया द्वारा समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक एवं वनरक्षकों को वन वर्द्धनिक कार्यो को फील्ड में गुणवत्तापर्णू एवं त्रुटि रहित तरीके से कैसे संपादित किया जाए इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यशाला में अलका भूरिया परिक्षेत्र अधिकारी परासिया, धर्मेन्द्र शर्मा परिक्षेत्रे अधिकारी दमुआ, हल्केलाल कोदर परिक्षेत्र अधिकारी जामई, हिमांशु विश्वकर्मा परिक्षेत्र अधिकारी तामिया, अंचल भारद्वाज परिक्षेत्र अधिकारी देलाखारी, दीपक कुमार चौधरी परिक्षेत्र अधिकारी सांगाखेड़ा, रोहित चतुर्वेदी परिक्षेत्र अधिकारी झिरपा सहित समस्त परिक्षेत्रों का वन स्टॉफ उपस्थित रहा।

# तात्कालिक भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने जाना बिरसा मुंडा का जीवन परिचय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में जनजातीय गौरव दिवस के परिप्रेक्ष्य में धरती आबा पखवाड़े के तहत भारतीय क्रांतिकारी एवं जननायक बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित तात्कालिक भाषण स्पर्धा का आयोजन किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. अकोदिया ने बताया कि तात्कालिक भाषण स्पर्धा में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए जननायक बिरसा मुंडा के जीवन पर अपने विचार रखें। एलएलबी पंचम सेमेस्टर के छात्र उमेश साहू ने अपने भाषण में कहा कि जननायक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत की ईट से ईट बजाकर भारतीयों को जल.जंगल.जमीन जैसे बुनियादी अधिकार दिलाने के लिए अद्वितीय कार्य किए जिसके लिए सम्पूर्ण मानव समाज उनका सदैव ऋृणी रहेंगा। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र बोधिसत्व ने कहा की जननायक बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अविस्मरणीय कार्य किए। इसके अलावा दर्जनों छात्रों ने अपने विचारों के माध्यम से जननायक श्री मुंडा का स्मरण किया।

# इमलीखेड़ा हवाई पट्टी नहीं बन सकती एयरपोर्ट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इमलीखेड़ा स्थित एयर स्ट्रिप का एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम ने आज इमलीखेड़ा हवाई पट्टी का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पर डेवलपमेंट की कोई गुंजाइश नहीं हो पाई है। हवाई पट्टी की चौड़ाई बढ़ाना यहां संभव नहीं है, इसके लिए यहां पर हवाई पट्टी का विस्तार नहीं हो सकता, इसके बाद अथॉरिटी टीम ने खूनाझीर में भी निरीक्षण किया। जहां नई हवाई पट्टी बनाने को लेकर सर्वे की बात कही ।

एयर पोर्ट अथॉरिटी नागपुर के ए.जी.एम. कमलेश सूर्यवंशी ने सर्वे में पाया कि एयर स्ट्रिप के विस्तार के लिए करीब 300 मीटर चौड़ाई की आवश्यकता है जबकि यहां फिलहाल 80 मीटर चौड़ाई है। एयर स्ट्रिप के आसपास 150 से अधिक निर्माण होने की वजह से विजिबिलिटी ठीक नहीं है, इसलिए स्ट्रिप का विस्तार संभव नहीं होगा। ऐसे में यहां सिर्फ 8 सीटर प्लेन ही लैंड कर पाएंगे।

अब एयर पोर्ट अथॉरिटी जिले में नई जगह संभावनाएं तलाशेगा। वहीं अथॉरिटी की टीम ने तेजाडी-खुनानाझिर में एयर स्ट्रीप के चिन्हित स्पॉट का निरीक्षण किया। उसके बाद अथॉरिटी की दो सदस्यीय टीम छिंदवाड़ा से बैतूल रवाना हुई। दरअसल हवाई पट्टी विस्तार को लेकर विशेष टीम आज छिंदवाड़ा पहुंची थी। उनके द्वारा एयर स्ट्रिप का विस्तार करने को लेकर विशेष सर्वे रिपोर्ट बनाई गई। ये सर्वे केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत किया गया।

## सर्वे के लिए पहुंचे अधिकारी



गौरतलब है कि इमलीखेड़ा हवाई पट्टी की लंबाई 1486 मीटर है। जबकि शहर से एयर स्ट्रिप की दूरी करीब 6 किमी है। वर्तमान हवाई पट्टी पर बड़े विमान के उतरने में दिक्कतें बताई जाती हैं। पीडब्लूडी के कार्यपालन यंत्री आसिफ मंडल ने बताया कि डी.जी.एम. रेंक के अधिकारी यहां निरीक्षण में आ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि 500 मीटर और एयरस्ट्रिप को बढ़ाने का ताकि यहां पर 20 सीटर प्लेन की लैंडिंग आराम से हो सके वर्तमान में सिर्फ सिंगल सीटर प्लान ही यहां अलाउड है।

# जुन्नारदेव संभाग के अंतर्गत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शिविर आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जुन्नारदेव संभाग के अंतर्गत मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के आदेशानुसार पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार-प्रसार के लिये शिविर प्रस्तावित किया गया है, जिसके अंतर्गत 14 नवंबर गुरूवार को वितरण केन्द्र स्तर पर वितरण केन्द्र जुन्नारदेव, सुकरी, पनारा, दमुआ, तामिया, छिंदी, झिरपा में शिविर आयोजित किए गए।